विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2023

जैसा की आप सभी को ज्ञात है की प्रत्येक वर्ष आज के दिन ५ जून को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस का आयोजन किया जाता है। उत्तराखड मुक्त विश्वविधायलय भी यथासंभव यह प्रयास करता है की संपूर्ण विश्व मे व्याप्त पर्यावरण के लिए अपने स्तर पर कुछ सकारातमक एवं ठोस प्रयास किये जाये। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के भौमिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्याशाखा के वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए कार्यक्रम समन्वयक डा. एच. सी. जोशी ने बताया कि इस वर्ष की पर्यावरण दिवस की थीम "Solution to plastic pollution" को ध्यान में रखने हुए विभाग द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान पौधारोपण एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया । उन्होंने बताया कि पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज दिनांक 5 जून 2023 को विश्वविद्यालय परिसर में सर्वप्रथम पौधारोपण किया गया तत्पश्चात एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न संस्थानों, विद्यालयों आदि के प्रतिभागियों द्वारा ऑनलाइन एवं आफलाइन माध्यम से प्रतिभाग किया गया।

प्रोफेसर पी. डी. पंत निदेशक भौमिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्याशाखा द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए प्लास्टिक प्रदूषण के दुस्प्रभावों एवं वर्तमान शोध के तथ्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रोफेसर उमा मेल्कानिया, पूर्व डीन एवं पूर्व विभागाध्यक्ष , पर्यावरण विज्ञान विभाग, गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय , पंतनगर द्वारा पर्यावरण दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए इस वर्ष की थीम

"Solution to plastic pollution" विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डे द्वारा अपने सम्बोधन में सभी को पर्यावरण के प्रति सजग रह कर इसके संरक्षण हेतु योगदान का आह्वान किया गया।

पर्यावरण दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों मे प्रथम चरण मे एक निबन्धः लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक (Plastics: from pollution to solution) था। निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल मे डॉ. मुक्ता जोशी, डॉ पूजा जुयाल, डॉ प्रभा ढोंड़ियाल, डॉ रूचि पांडे, डॉ. जया उप्रेती तथा डॉ. पुश्पेश जोशी थे। जिसमे लगभग ५२ प्रविष्टिया प्राप्त हुई जिनमे से जूनियर वर्ग मे काव्य फुलारा प्रथम , भूमिका राजपूत द्वितीय

तथा तान्या साहनी ने तृतीया स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग मे सुप्रेरणा ने प्रथम , ऋषिता पवार ने द्वितीय तथा अनुराज सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन डा. बीना तिवारी फुलारा ने किया। अन्त में डॉ. कृष्ण कुमार टम्टा द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान प्रो. ए. के. नवीन, डा. बीना तिवारी फुलारा, डॉ. कृष्ण कुमार टम्टा, डॉ. मदन मोहन जोशी, डॉ. राकेश रयाल, डॉ. शालिनी चौधरी, डॉ. प्रभा डौडियाल, डॉ. पुष्पेश जोशी, डॉ. अरविंद भट्ट, डॉ आशुतोष भट्ट, डॉ. पी. के. सहगल, डा. कमल देवलाल, डा. श्याम कुंजवाल, डा. दीपांकुर, डॉ. मुक्ता

जोशी, डॉ. पूजा जुयाल,डॉ. रंजू पाण्डे, डॉ. कीर्तिका पडलिया, डॉ.रुचि पाण्डे , डॉ. जया उप्रेती आदि उपस्थित रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम